# कार्यक्रम

# पत्रक

एक आवाज एक आशा – सीजन 7

**24th मई 2026** (दोपहर 12:00 बजे)

**यूनाइटेड क्रिश्चियन प्रेयर फॉर इंडिया की और से पहल**

# ONE SOUND HOPE
SEASON 7

## एक आवाज एक आशा

कार्यक्रम की रुपरेखा

---

## विषय सूची


| | |
|---|---|
| हमारे बारे में औरे हम क्या करने की अपेक्षा करते है? | Page 2 |
| गीत : धन्य आश्वासन | Page 3 to 4 |
| प्रार्थना बिंदु | Page 7 to 11 |
| प्रभु की प्रार्थना | Page 12 |
| आशीष और आशीर्वाद | Page 13 |
| राष्ट्रिय गीत | Page 14 |
| राष्ट्रिय गीत का अनुवाद (इंग्लिश) | Page 14 |

# एक आवाज एक आशा

## कार्यक्रम की रुपरेखा

---

**एक आवाज एक आशा के बारे में**

कलीसिया हमेशा से हमारे देश को मजबूत बनाने में मदद करती आई है। आज भारत एक खास समय पर खड़ा है– विकास, अवसर और जटिल चुनौतियों से भरा हुआ। शासन, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण और आर्थिक दबावों के बीच, फिर भी हमारा देश मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में हमें और समर्पण के साथ आगे आना है। मसीह की देह के रूप में, हमें नम्र होकर परमेश्वर पर भरोसा करना है और अपने देश के भविष्य के लिए लगातार प्रार्थना करनी है। वन साउंड वन होप का उद्देश्य है कि सभी विश्वासी एक साथ आएँ, भारत के लिए मध्यस्थता कि प्रार्थना करें और हमारे नेताओं, लोगों और भविष्य के लिए परमेश्वर से प्रार्थना करें ।

**इस अभियान से जुड़ें!! रोज़ प्रार्थना करने का संकल्प लें, अपने देश के लिए खड़े रहें, और विश्वास करें कि भारत सच्चाई, शांति और न्याय में आगे बढ़े। आपकी प्रार्थना बहुत महत्वपूर्ण है।**

**बाइबल में 2 इतिहास 7:14 में लिखा है:**

"तब यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दिन होकर प्रार्थना करे और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरें, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूंगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूंगा ।

**एक देश। एक कलीसिया। एक आवाज़**

**जैसे पेंटेकोस्ट के दिन हुआ था, जब कलीसिया प्रार्थना करती है, तो देश बदलता है।**

---

24 मई 2026 को क्या करें – एक आवाज एक आशा

रविवार, 24 मई 2026 पेंटेकोस्ट का दिन है। इस दिन पूरे भारत के विश्वासी एक साथ आकर अपने देश के लिए प्रार्थना, स्तुति और आशा में जुड़ें।

**एक साथ आए:**

आपने स्थानीय चर्च में शामिल हो, सहभागिता समूह, या सामुदायिक समूह। यदि व्यतिगत रूप से इकट्ठा होना संभव नहीं है, ऑनलाइन जुड़े या व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना करें।

**एकजुट हो दोपहर 12:00 बजे (IST):**

आप जाह कही भी हो, ठीक"12:00 बजे दिन में (भारतीय समयानुसार), आइए हम एक साथ आशा की आवाज़ उठाएं, प्रार्थना करें और ईश्वर की स्तुति करें हमारे राष्ट्र, चर्च और उन लोगों के लिए जिनके पास सुभ संदेश नहीं पहुंचे।" अपने नेटवर्क में अन्य चर्चों को इस प्रार्थना मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। "यह गीतों गाकर, जोर से प्रार्थना करके, वाद्य यंत्र बजा कर, ताली बजा कर, या उपासना संगीत बजाने के माध्यम से भी किया जा सकता है।"

(कार्यक्रम के विवरण के लिए पुष्ट 3 मे देखे) इसे ऊंची आवाज में होने दो, संयुक्त आवाज - विश्वास की घोषणा, मध्यस्थता, और आराधना।

**एकसाथ प्रार्थना**

भारत के लिए प्रार्थना - नेताओ, सरकार, शांति और रिवावल। चर्च के लिए प्रार्थना करे -एकजुटता, निडरता, और पवित्र आत्मा की अगुवाई में मिशन - प्रार्थना करें कि सभी को सुसमाचार सुनने का अवसर मिले - कि सुसमाचार हर कोने तक पहुँचे। प्रार्थना करें कि पवित्र आत्मा का आंदोलन हमारे जीवन, समुदाय, और पूरे राष्ट्र में हो।

निम्नलिखित प्रार्थना बिंदुओं को बताए।

यदि संभव हो तो, फोटो, वीडियो या प्रेरणादायक गवाही को हमारे साथ साझा करे।

यूसीपीआई इस पहल का नेतृत्व कर रहा है, जिसमें मिशन संगठनों, चर्च अगुओ और व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भागीदारी और समर्थन है।

**Follow on Social Media**

| | |
|---|---|
| www.onesoundonehope.com | www.facebook.com/onesoundonehope |
| www.instagram.com/onesoundonehope | www.youtube.com/onesoundonehope |

Blessed Assurance - *India Version*

**VERSE 1**
Hindi
**यीशु है मेरा कैसा खुश हाल** ***(Blessed Assurance, Jesus Is Mine!)***
**मन में वो देता महिमा की आश** ***(Oh, What A Foretaste Of Glory Divine!)***

Tamil
**Thevakumaaran ratchi seithar** ***(Heir Of Salvation, Purchase Of God)***
**paaviyaam ennai yetrukondaar** ***(Born Of His Spirit, Washed In His Blood)***

**VERSE 2**
Telugu
**Sampoorna Bhakthi toh Nundedhan** ***(Perfect Submission, Perfect Delight)***
**Pempaara Yesunn Dhwaninchedhan** ***(Visions Of Rapture Now Burst On My Sight)***

Bengali
**Urdhodham hoite onek dutgaan,** ***(Angels Descending Bring From Above)***
**Korunar dhoni, premer gunjan.** ***(Echoes Of Mercy, Whispers Of Love)***

**CHORUS**
English
**This Is My Story, This Is My Song**

Telugu
**Yesuni Sadhaa Stuthinchuta** ***(Praising My Savior All The Day Long)***

Malayalam
**Enikku paattum preshamsayum (This Is My Story, This Is My Song)**
**Daiva kunjadum than kurishum (Praising My Savior All The Day Long)**

**VERSE 3**
Kannada
**Bhagya karavaadha nischayave (Perfect submission, all is at rest)**
**Devara maththu kristhanade (I in my Savior am happy and bless'd)**

Marathi
**Asey talleen mi tyachya bhaktit (watching and waiting, looking above)**
**Gelo budoon mi tyachya preetit (filled with his goodness, lost in his love)**

**BRIDGE**

HINDI
रहूँगा गवाह तेरे प्यार का,
जीवन, मुत्यु और पुनरुत्थान का
उस दिन तक येशु, जब लौटेगा तू भरोसा तुझपे करता रहूँगा

**CHORUS**

Kannada
**Idhenna haadu hechhallavu (This Is My Story, This Is My Song)**

Malayalam
**Daiva kunjadum than kurishum (Praising My Savior All The Day Long)**

Bengali
**Eiyee morr kahinee eiyee aamar gaan, (This Is My Story, This Is My Song)**

Tamil
**Needuir Kaalam Sthoththarippaen (Praising My Savior All The Day Long)**

English
**Praising My Savior, All The Day Long**

Blessed Assurance (India Version)
Originally written in English: Fanny J. Crosby
Additional Hindi lyrics: Shivani Prakash, Allen Ganta

ONE SOUND ONE HOPE
SEASON 7

# एक आवाज एक आशा

## कार्यक्रम की रुपरेखा

**एकजुट प्रार्थना करें : क्षमा एवं राष्ट्र की भलाई के लिए**

| |
|---|
| **प्रार्थना बिंदु**<br><br>**1. घोषणा करें कि परमेश्वर हमारे राष्ट्र का परमेश्वर हो** |
| **1. विनयपूर्ण आह्वान:**<br>स्वर्गीय पिता, हम विनम्रतापूर्वक आपके सामने आते हैं, भारत पर आपकी संप्रभुता को पहचानते हैं, इसकी विविधता के लिए आभारी हैं। हम स्वीकार करते हैं कि यीशु मसीह प्रभु हैं और उनके पास स्वर्ग और पृथ्वी का सारा अधिकार है। स्वर्गीय पिता, हम विनम्रतापूर्वक हमारे राष्ट्र पर आपकी संप्रभुता को पहचानते हैं और आपकी बेजोड़ महानता और ज्ञान के समक्ष समर्पित करते है। हे प्रभु, हनारे राष्ट्र को सत्य, न्याय और धार्मिकता में आगे बढानें हेतु मार्गदर्शन करते हुए, अपनी स्थायी उपस्थिति से आशीषित करे। |
| **2. पश्चाताप और क्षमा:**<br>हम अपनी कमियों और आपके हस्तक्षेप की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं - जैसा कि 2 इतिहास 7:14 में वायदा किया है। परमेश्वर, हम अपने राष्ट्र और व्यक्तियों के पापों के लिए पश्चाताप करते हैं — हमारे अभिमान, ईश्वरहीनता, स्वार्थ, अन्याय, भेदभाव और विभाजन की मनोवुर्ती को क्षमा करें। हमें आपकी दया और क्षमा प्राप्ति हेतु विनम्रता प्रदान करें। हे प्रभु , हमें हमारी राष्ट्रीय कमजोरियों और विभाजनों पर काबू पाने के अनुग्रह प्रदान करें। |
| **3. घोषणा आस्था और प्रशंसा की:**<br>हम अपने उद्धारकर्ता और मुक्तिदाता प्रभु यीशु मसीह में विश्वास की घोषणा करते हैं\| उनके नाम में, हम क्षमा, मेल-मिलाप पाते हैं\| आपके अनंत प्रेम और परिवर्तनकारी अनुग्रह की प्रशंसा करते है। आपका राज्य आए, और आपकी इच्छा हमारे राष्ट्र में पूरी हो जैसे स्वर्ग में पूरी होती है। |
| **4. ईश्वरीय मार्गदर्शन और पुनर्स्थापना**<br>हे प्रभु, आपके राज्य के सत्य के मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाले समाज के निर्माण में, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व में मार्गदर्शन करें। हमें धर्म और पुनर्स्थापना के मार्ग ले चले \|अपनी दया में, हमारी प्रार्थना सुनें और हमारे राष्ट्र में चंगाई और नवीनीकरण लाएँ। यीशु के नाम में, आमीन। |
| **पापों की क्षमा #1** |
| प्रार्थना करें कि दिल नम्र हों और पाप को पहचानें और स्वीकार करें।<br>परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वे हमारे जीवन में उन क्षेत्रों को प्रकट करें जहां हमें पश्चाताप करने की आवश्यकता है।"<br>प्रार्थना करें कि घमंड, अभिमान और श्रेष्ठता की भावना हमारे जीवन से निकाल दी जाए।<br>प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमें विनम्रता के वस्त्र पहनने में मदद करें।<br>यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरें, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूंगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूंगा। 2 इतिहास 7:14 |

## पापों की क्षमा #2

**परमेश्वर की क्षमा प्राप्त करना:**

प्रार्थना करें कि लोग परमेश्वर की क्षमा को पूरी तरह से स्वीकार करें और अपराधबोध या शर्म में न जीएं।

प्रार्थना करें कि हम परमेश्वर के वचन के अनुसार चलने के लिए प्रतिबद्ध हों।

यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरें, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूंगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूंगा। 2 इतिहास 7:14

## 7 - प्रकार से राष्ट्र की चंगाई

I. **शारीरिक चंगाई #1**

उन सभी के लिए प्रार्थना करें जो विभिन्न बीमारियों से प्रभावित हुए हैं और स्वस्थ हो रहे हैं।

विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और रोगियों के लिए प्रार्थना करें, क्योंकि वे सबसे अधिक असुरक्षित हैं। प्रार्थना करें कि जीवन के हर चरण में जीवन का मूल्य और संरक्षण हो, जीवन की उत्पत्ति से लेकर अंत तक।

I. **शारीरिक चंगाई # 2**

प्रार्थना करें कि आवश्यक चिकित्सा बुनियादी ढांचे का विकास हो, और बीमारियों से लड़ने के लिए स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का विकास हो। प्रार्थना करें कि सबसे जरूरतमंद लोगों को दवाएं और सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों।

I. **शारीरिक चंगाई # 3 इस समय नेतृत्व की आवश्यकता**

प्रार्थना करें हमारे राष्ट्र के केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर नेताओं और प्रशासकों के लिए।

हमारे राष्ट्र के केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर नेताओं और प्रशासकों के लिए प्रार्थना करें।"

प्रार्थना करें कि सभी लोकतांत्रिक संस्थाएं अच्छी तरह से कार्य करें, शासक दल और सभी विपक्षी दल देश के हित में काम करें, और नेताओं को देश के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए और सर्वोत्तम समाधान लाने के लिए बुद्धि और ज्ञान मिले। 1 तीमु 2:1-3

परमेश्वर का धन्यवाद करें केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा देश की चुनौतियों के समाधान के लिए शुरू की गई योजनाओं के लिए। प्रार्थना करें कि नेताओं के आसपास ईश्वरीय सलाहकार हों और वे परमेश्वर का भय मानें

II. **मन की चंगाई:**

प्रार्थना करें कि हमारे लोगों में उदारता, निस्वार्थता और मदद करने की भावना हो। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वे समुदायों के बीच के विभाजन और घृणा को दूर करें, और प्रेम, समझ और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा दें, ताकि सभी लोग शांति से रहे।

III. **भानात्मक चंगाई:**

प्रार्थना करें कि भय, घबराहट, निराशा, मानसिक तनाव, दुःख, शोक और क्रोध से मुक्ति मिले।

प्रभु से प्रार्थना करें कि वे समझ से परे शांति प्रदान करें और चिंतित विचारों को शांत करें।

प्रभु से प्रार्थना करें कि वे मानसिक और भावनात्मक घावों से शांति और स्वास्थ्य प्रदान करें, जो आघात, शोषण या दर्दनाक अनुभवों से गुजर रहे हैं। प्रभु से प्रार्थना करें कि वे गहरी आंतरिक शांति और स्वास्थ्य प्रदान करें।

IV. **परिवार और रिस्तों की चंगाई:**
प्रभु से प्रार्थना करें कि वे टूटे हुए घरों की बहाली करें और पीढ़ियों से चले आ रहे श्राप से छुटकारा दे।
प्रभु से प्रार्थना करें कि वे विवाहों के रिस्तों को मजबूत करें और हमें अपने बच्चों को परमेश्वर के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने का अवसर दें। प्रार्थना करें बच्चों की सुरक्षा के लिए वे शोषण, उपेक्षा और नकारात्मक सामाजिक प्रभावों से बचाए जाएं। "प्रभु से प्रार्थना करें कि बाइबिल के द्वारा पारिवारिक मूल्य समुदायों और संस्कृतियों में फिर से स्थापित हों।

V. **सामाजिक चंगाई:**
प्रभु से प्रार्थना करें कि वे व्यवस्थागत अन्याय, जातिवाद, गुटबाजी और भेदभाव के विरुद्ध खड़े हों।
प्रभु से प्रार्थना करें कि ऐतिहासिक पीड़ाओ से छुटकारे हो और विभिन्न समुदायों के बीच मेल-मिलाप स्थापित हो।
प्रभु से प्रार्थना करें कि भारत में बेटियों की रक्षा हो. प्रभु से प्रार्थना करें कि हर पुरुष महिलाओं के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करे।

VI. **भूमि की चंगाई**
प्रार्थना करे देश के गरीबों और उनके परिवार के लिए।
प्रार्थना करे नौकरी की उपलब्धता के लिए।
प्रभु से प्रार्थना करें कि आर्थिक गतिविधियों में पुनर्स्थापना - औद्योगिक, कृषि, सेवा, यात्रा और सार्वजनिक परिवहन.
प्रार्थना करें नौकरी के नुकसान के बीच रोजगार के लिए और परिणामी आर्थिक अशांति।

VII. राष्ट्रों की चंगाई और वैश्विक शांति
हमारे पड़ोसी राष्ट्रों और उन राष्ट्रों के लिए प्रार्थना करें जो युद्ध, संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता से प्रभावित हैं।
भोले-भाले नागरिकों के लिए मध्यस्थता करें - विशेष रूप से गरीबों, विस्थापितों, शरणार्थियों, विधवाओं और बच्चों के लिए, जिनका जीवन और आजीविका बुरी तरह बाधित हुए है।
प्रभु से विनती करें कि वे ऐसे धर्मी नेताओं और शांति-निर्माताओं को खड़ा करें, जो सत्ता और संघर्ष के बजाय स्थायी मित्रता और शांति को प्राथमिकता दे सके।
“धन्य हैं वे, जो मेल करवानेवाले हैं, क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र कहलाएँगे।” (मत्ती 5:9)

VIII. **आत्मा की चंगाई # 1**
प्रार्थना करें चंगाई, आशीर्वाद और राष्ट्र का उद्धार के लिए।
प्रार्थना करें पश्चाताप, नम्रता और परमेश्वर की ओर वापसी होने के लिए।
प्रार्थना करे आत्मा की चंगाई के लिए - हमारे मध्य में :-
- धार्मिक ग्रुप
- सामाजिक ग्रुप
- आर्थिक ग्रुप
- क्षेत्रीय ग्रुप (साउथ इंडिया, नॉर्थ इंडिया नॉर्थ ईस्ट इंडिया, वेस्टर्न इंडिया)

**IX. आत्मा की चंगाई # 2**
भारत में चर्च: प्रेरितों के काम 1:8 "परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य पाओगे; और यरूशलेम, और सारे यहूदिया, और सामरिया, और पृथ्वी के छोर तक मेरे गवाह होगे।

ONE SOUND ONE HOPE
SEASON 7

# एक आवाज एक आशा

## कार्यक्रम की रुपरेखा

**इस पेंटेकोस्ट के दिन:**
प्रभु से प्रार्थना करें कि वह अपने पवित्र आत्मा को हमारे ऊपर और भारत में चर्चों पर नए सिरे से बरसाए, हमें शक्ति प्रदान करे कि हम वही बनें और करें जो प्रभु ने चर्च को करने के लिए बुलाया है। अंतर को भरने के लिए खड़े हों और परमेश्वर के प्रेम को व्यक्त करें। इफिसियों 3:10 और 17-20

**X. आत्मा की चंगाई # 3 - भारत मे चर्च**
"परन्तु तुम एक चुना हुआ वंश, और राज-पदधारी याजकों का समाज, और पवित्र लोग, और परमेश्वर की निज प्रजा हो, इसलिये कि जिस ने तुम्हें अंधकार में से अपनी अद्भुत ज्योति में बुलाया है, उसके गुण प्रगट करो।" 1पतरस 2:9

**कलीसिया की चंगाई**

प्रार्थना करें चर्च के अगुवों और मंडलियों के बीच आध्यात्मिक जागृति और पवित्रता के लिए।
प्रभु से प्रार्थना करें कि वह मसीह के शरीर में विभिन्न संप्रदायों के बीच एकता को पुनर्स्थापित करें। सुसमाचार को बिना समझौता किए घोषित करने के लिए साहस के साथ मध्यस्थता करें।
पवित्र आत्मा के बहाव के लिए प्रार्थना करें, जो सुसमाचार प्रचार और शिष्यता के लिए आग जला दे।
प्रार्थना करें कि हम मध्यस्थ प्रार्थना में विश्वासयोग्य रहें, और अपनी 20 की सूची के लिए जो येशु मसीह को नहीं जानते है।

5. **प्रभु का धन्यवाद:**
हे स्वर्गीय पिता, हम कृतज्ञतापूर्वक भारत में लगभग 2000 वर्षों से चर्चों की उपस्थिति को स्वीकार करते हैं। धन्यवाद उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने आपके प्रेम और क्षमा के संदेश को यीशु मसीह के नाम में फैलाया है, चाहे वे हमारे बीच से हों या बाहर से। बहुत से लोगों ने बलिदानपूर्ण तरीके से मध्यस्थता की है और सेवा की है, जिससे हमारे राष्ट्र पर गहरा प्रभाव पड़ा है। हम आपकी स्तुति करते हैं उन मसीहों के लिए जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कल्याण में अग्रणी भूमिका निभाई, जिससे भारत के लोगों के लिए आपके असीम प्रेम का प्रदर्शन हुआ।

**6. प्रार्थना का घर:** स्वर्गीय पिता, आपने हमें 'प्रार्थना का घर' के रूप मध्यस्त बनने के लिए बुलाया है उन लोगों के लिए जो आपको नहीं जानते। "पर तुम एक चुना हुआ वंश, और 'राज - पदधारी याजको का समाज,"- 'हम मध्यस्तथा करने में विफल रहे हैं। हमारी प्रार्थना की कमी को क्षमा करें। हमें राष्ट्र और हमारे आस-पास के लोगों के लिए प्रार्थना और मध्यस्थ के रूप में समर्पित होने के लिए परिवर्तित करें।

**7. मसीह के राजदूत:** प्रभु, आपका वचन हमें बताता है कि जैसे आपने राजदूत के रूप में मेल-मिलाप के लिए बुलाया है उन लोगों के लिए जो आपको नहीं जानते है ।इस भूमिका निभाने में हमारी विफलता को क्षमा करें। हमें अपने आस-पास के लोगों के लिए आपके अनोखे प्रेम और क्षमा को दिखाने में और साझा करने में और हर अवसर का लाभ उठाने में मदद करें।

**8. पेंटकोस्ट सशक्तिकरण:** पिन्तेकुस्त के इस दिन, **हम पवित्र आत्मा के बहुमूल्य उपहार के लिए आपको धन्यवाद देते हैं।** आपने हमें अकेला नहीं छोड़ा है, बल्कि अपनी आत्मा को हमारे भीतर रहने के लिए भेजा है, जिससे हमारा सत्य मार्ग में नेतृत्व, शिक्षण और मार्गदर्शन करें। हम पवित्र आत्मा के पवित्रीकरण कार्य के लिए आपको धन्यवाद देते हैं, हमें आपके पुत्र, यीशु मसीह की समानता को प्रतिबिंबित करने के लिए आकार देते हैं।

**9. अपने आत्मा से हमें सशक्त बनाएं**, ताकि हम उस उद्देश्य को पूरा कर सकें जिसके लिए आपने हमें दुनिया में भेजा है। अपने आत्मा को भारत में अपने चर्च पर उंडेल, हमारी वफादारी को बनाए रखें और हमें आपके आज्ञा को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ मार्गदर्शन करें।

| |
|---|
| 10. **बुराई की शक्तियों का विरोध** |
| **[हम सभी एक साथ जुड़ें]**<br>पिता, हम परमेश्वर के वचन देखते है इफिसियों 6:12,हम जानते की यह लड़ाई लोगों के विरुद्ध नहीं है परंतु अंधकार की आध्यात्मिक शक्तियों के विरुद्ध है ।<br>पिता, यीशु के नाम में हम एक साथ प्रार्थना करते हैं कि अंधकार के शासकों और शक्तियों को बाँध दिया जाए, अधिकारियों, इस अंधकारमय दुनिया की शक्तियों और स्वर्गीय क्षेत्रों में बुराई की आध्यात्मिक शक्तियों को जो हमारे देश के लोगों के खिलाफ काम कर रही हैं, बाँध दिया जाए और उनकी शक्ति को निष्फल किया जाए। हम प्रार्थना करते आपके राज्य आए, आपका इच्छा पूरी हो जाए। येशु के नाम। आमीन |

| |
|---|
| **11. प्रार्थना करे 20 की सूची के लिए**<br>(हमारे आस-पास के उन लोगों के लिए जो अभी तक यीशु को नहीं जानते हैं, लेकिन आप उन्हें जानते हैं) |
| **शांतिपूर्वक :** [प्रत्येक व्यक्ति को परमेश्वर की मध्यस्थता में हमारे आस-पास के लोगों की सूची लाना है। यदि आप उनके जीवन की जरूरतों के बारे में जानते हैं, तो विशेष रूप से उन जरूरतों के लिए प्रार्थना करें।] |
| स्वर्गीय पिता, हम आभारी हैं कि आपने हमें उन लोगों के बीच स्थान दिया है जिन्हें आप अतः प्रेम करते हैं और उनकी चिंता करते हैं। आपका प्रेम और क्षमा प्राप्त करने के लिए उनके दिलों को तैयार करें। में उनके लिए प्रार्थना में दृढ़ रह सकू और आपके प्रेम और यीशु मसीह के सुसमाचार को साझा करने में हर अवसर का लाभ उठाने के लिए तत्पर ध्यान दें सकू।<br>यीशु नाम में प्रार्थना मांगते हैं।<br>**आमीन।** |

प्रभु की प्रार्थना

*(हमारे पिता के लिए पारंपरिक शब्द)*

हे हमारे पिता, तू जो स्वर्ग में हैं;
तेरा नाम पवित्र माना जाए।
'तेरा राज्य आए।
तेरी इच्छा जैसी स्वर्गमें पूरी होती है , वैसे पृथ्वी पर भी हो,
'हमारी दिन भर की रोटी आज हमें दे ।
और जिस प्रकार हम ने अपने अपराधियों को क्षमा किया है ,
वैसे ही तू भी अपराधो को क्षमा कर।
'और हमें परीक्षा में न ला,
परन्तु बुराई से बचा;।
क्योंकि राज्य और पराक्रम और महिमा सदा तेरी ही है,
आमीन।

*(Taken from the Anglican Book of Common Prayer, 1662).*

आशीष और आशीर्वाद

*(घर से जुड़ने वाले परिवार के सदस्यों के लिए, परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य आशीर्वाद देने के लिए इस स्क्रिप्ट का उपयोग कर सकते हैं।)*

यशायाह **60:1-3**

1 "उठ, प्रकाशमान हो; क्योंकि तेरा प्रकाश आ गया है, और यहोवा का तेज तेरे ऊपर उदय हुआ है।

**2**"देख, पृथ्वी पर तो अन्धियारा और राज्य राज्य के लोगों पर घोर अन्धकार छाया हुआ है; परन्तु तेरे ऊपर यहोवा उदय होगा, और उसका तेज तुझ पर प्रगट होगा।"

**3** और अन्यजातियां तेरे पास प्रकाश के लिये और राजा तेरे आरोहण के प्रताप की ओर आएंगे

गिनती **6:24-26**

**24** यहोवा तुझे आशीष दे और तेरी रक्षा करे:

**25** "यहोवा तुझ पर अपने मुख का प्रकाश चमकाए, और तुझ पर अनुग्रह करे:"

**26**"यहोवा अपना मुख तेरी ओर करे, और तुझे शांति दे।"

**2** कुरिंथियों **13:14**

प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह और परमेश्वर का प्रेम और पवित्रा आत्मा की सहभागिता तुम सब के साथ होती रहे।

**राष्ट्रगान**

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा ।
जन-गण-मंगल-दायक जय हे
भारत भाग्य विधाता ।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे ।
(Source: National Library at Kolkata transliteration)

अंग्रेजी में राष्ट्रगान
निम्नलिखित टैगोर के गान का अंग्रेजी प्रतिपादन हैः ए प्रेयर टू द मेकर!

लोगों के महान शासक को विजय,
भारत का भाग्य आपके हाथ में हैं।
पंजाब, सिंध, गुजरात, महाराष्ट्र
दक्षिण भारत, उड़ीसा, बंगाल
विंध्य, हिमाचल, यमुना और गंगा
और प्रचंड सागर की लहरे, सभी आपकी नाम की प्रशंसा करते
हम आपके उद्धार की आशीष चाहते है
हम आपके विजय गीत गाते है
आप पर विजय जो लोग पर एहसान दिखता है
भारत का भाग्य आपके हाथोंमें है
आपका विजय, आपका विजय, आपका विजय
विजय विजय विजय आपका विजय
(Translation source: Government portal – http://india.gov.in)

**END OF PROGRAM**